मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

**अनुक्रमांक** .................

**नाम** ..............................

932 **825(BQ)**

**2019**

# सामाजिक विज्ञान

( ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।





ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

## खण्ड - क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. यूरोप में पुनर्जागरण सर्वप्रथम किस देश में हुआ ?
   (क) अमेरिका में
   (ख) इटली में
   (ग) इंगलैण्ड में
   (घ) फ्राँस में। 1

2. 'डिवाइन कॉमेडी' नामक ग्रन्थ का लेखक कौन था ?
   (क) मैकियावेली
   (ख) दाँते
   (ग) पेट्रार्क
   (घ) विलियम शेक्सपीयर। 1

3. 'वन्दे मातरम्' गीत के रचयिता कौन थे ?
   (क) रवीन्द्रनाथ टैगोर
   (ख) सोहनलाल द्विवेदी
   (ग) वंकिम चन्द्र चटर्जी
   (घ) रामधारी सिंह दिनकर। 1





4. वास्को डि गामा भारत भूमि पर किस वर्ष में पहुँचा ?
   (क) 1492 ई०
   (ख) 1496 ई०
   (ग) 1498 ई०
   (घ) 1494 ई०। 1

5. राज्य सभा में राष्ट्रपति द्वारा कितने सदस्य मनोनीत किए जाते हैं ?
   (क) 14
   (ख) 15
   (ग) 13
   (घ) 12. 1

6. भारत में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है
   (क) उपराष्ट्रपति
   (ख) राष्ट्रपति
   (ग) प्रधानमंत्री
   (घ) गृहमंत्री। 1

( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. फ्राँस क्रान्ति के किन्हीं **दो** दार्शनिकों के नाम लिखिए। 1 + 1

8. आर्य समाज की स्थापना किसने की ? इसकी स्थापना कब की गयी थी ? 1 + 1

9. भारतीय संघ में कितने राज्य हैं ? दक्षिण भारत के किन्हीं **दो** राज्यों के नाम उनकी राजधानियों के नाम सहित लिखिए। 1 + 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

10. उच्च न्यायालय के न्यायधीशों को उनके पद से हटाने की क्या प्रक्रिया है ? स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

राज्य में राज्यपाल की संवैधानिक स्थिति का उल्लेख कीजिए। 3

11. गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन क्यों स्थगित कर दिया ? 3

**अथवा**

1857 की क्रान्ति की असफलता के किन्हीं **तीन** कारण बताइए। 1 + 1 + 1





( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. मानवाधिकार से क्या तात्पर्य है ? इसके अन्तर्गत कौन-से अधिकार आते हैं ? क्या भारत के संविधान में इसका समावेश हुआ है ? 2 + 2 + 2

**अथवा**

भारतीय सैन्य संगठन का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 6

13. राष्ट्रपति किन परिस्थितियों में देश में संकटकालीन स्थिति घोषित कर सकता है ? व्याख्या कीजिए। 6

**अथवा**

राज्य में मुख्य मंत्री की नियुक्ति कैसे होती है ? राज्य के प्रशासन में उसकी भूमिका का महत्व स्पष्ट कीजिए। 2 + 4

( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं :

14. (i) वह स्थान जहाँ गाँधीजी का जन्म हुआ था। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ चन्द्रशेखर आजाद शहीद हुए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की स्थापना हुई। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ भारत का सर्वोच्च न्यायालय स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) महात्मा गाँधी कहाँ पैदा हुए थे ? 1

(ii) चन्द्रशेखर आजाद कहाँ शहीद हुए थे ? 1

(iii) सेण्ट्रल हिन्दू कालेज कहाँ स्थित है ? 1

(iv) भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहाँ स्थित है ? 1

(v) स्वर्ण मंदिर किस राज्य में स्थित है ? 1





**खण्ड - ख**

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. निम्नलिखित में से कौन मानवकृत आपदा है ?

(क) भूस्खलन

(ख) बाढ़

(ग) रासायनिक विस्फोट

(घ) चक्रवात। 1

16. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत में जनसंख्या का घनत्व है

(क) 399 प्रति वर्ग किमी

(ख) 306 प्रति वर्ग किमी

(ग) 350 प्रति वर्ग किमी

(घ) 382 प्रति वर्ग किमी। 1

17. निम्नलिखित में से किस राज्य की जनसंख्या सर्वाधिक है ?

(क) दिल्ली

(ख) पश्चिम बंगाल

(ग) महाराष्ट्र

(घ) पंजाब। 1

18. अधोभौतिक जल में जल के स्रोत हैं

(क) नदियाँ

(ख) वर्षाजल

(ग) झीलें और तलाब

(घ) इनमें से सभी। 1

19. 'नीति आयोग' की स्थापना हुई थी

(क) 1 जनवरी, 2014 को

(ख) 1 जनवरी, 2015 को

(ग) 1 जनवरी, 2017 को

(घ) 1 जनवरी, 2016 को। 1

20. निम्नलिखित में से कौन आयात की वस्तु है ?

(क) हीरा

(ख) कहवा

(ग) चाय

(घ) जूट। 1

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

21. विकसित और विकासशील देश से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए। 1 + 1

22. आर्थिक नियोजन को परिभाषित कीजिए। 2





23. उपभोग और उत्पादन की विवेचना कीजिए। 1 + 1

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

24. वस्तु विनिमय के किन्हीं **तीन** महत्वों का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों के किन्हीं **तीन** योगदानों की विवेचना कीजिए। 1 + 1 + 1

25. भारत में बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न किन्हीं **तीन** समस्याओं का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

लिंग-अनुपात से आप क्या समझते हैं ? भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत का लिंग अनुपात क्या है ? 2 + 1

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

26. भारत की मिट्टियों का वर्गीकरण कीजिए और उनके गुण-दोषों की विवेचना कीजिए। 1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

आपदा से आप क्या समझते हैं ? उसका वर्गीकरण उदाहरण सहित कीजिए। 2 + 2 + 2

27. भारत में कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए **छः** सुझाव दीजिए। $1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1$

**अथवा**

भारत में उद्योगों की उत्पादकता में वृद्धि के लिए **छः** सुझाव दीजिए। $1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1$

**( मानचित्र कार्य )**

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) दार्जिलिंग ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) सूतीवस्त्र उद्योग का एक केन्द्र △ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) इलाहावाद-दिल्ली रेलमार्ग चिह्न द्वारा एक स्टेशन सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) जूट उत्पादक एक क्षेत्र [+ +] चिह्न द्वारा। 1

(v) बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली एक नदी चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$





**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) दार्जिलिंग किस राज्य में स्थित है ? 1

(ii) सूती वस्त्र उद्योग के एक केन्द्र का नाम लिखिए। 1

(iii) बंगाल की खाड़ी में गिरनेवाली किसी एक नदी का नाम बताइए। 1

(iv) एक जूट उत्पादक राज्य का नाम लि... 1

(v) इलाहावाद-दिल्ली रेलमार्ग पर स्थित किसी एक स्टेशन का नाम लिखिए। 1

825(BQ) - 5,40,000